53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.8°c अधिकतम 32.2°c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:57 | वर्ष : 53/अंक : 226 रविवार, 17 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-8

**अमृतवाणी**

अगर आप के अंदर आत्मविश्वास की कमी हो जाती है, तो ये दुनिया डरावनी नजर आती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

युवा कांग्रेस ने शुरू किया घर-घर जाकर मतदाता सूची जाँचने का काम : नयी दिल्ली



कांग्रेस सोचती है....चुनाव आयोग तो भाजपा से मिला ही हुआ है....वोटर भी भाजपा से मिल गए...




NUMAX
LIVE THE NUMAX EXPERIENCE

## प्रबुद्ध जनमंच एवं लॉयंस क्लब ने न्यूमैक्स सिटी में आयोजित किया 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम







प्रबुद्ध जनमंच एवं मुजफ्फरनगर के सभी लायंस क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम न्यू मैक्स सिटी में आयोजित किया गया, जिसमें नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी माता जी के सम्मान में पौधे लगाए एवं उन पर अपनी माताजी के नाम की प्लेट लगाई। प्रबुद्ध जन मंच के अध्यक्ष निशांक जैन ने बताया कि हमारा एक सपना था कि नगर के सभी प्रमुख गणमान्य एवं समाज सेवी लोग किसी एक ही स्थान पर पौधे लगाएं और वह सभी पौधे वृक्ष बनें। न्यूमैक्स सिटी के एम डी सुनील गोयल जी ने कहा कि इस काम के लिए न्यूमैक्स सिटी सबसे उपयुक्त जगह है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर के गणमान्य लोगों द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल उनकी कंपनी आजीवन करेगी, क्योंकि यह नगर की सबसे बड़ी टाउनशिप है जिसमें 60% एरिया ग्रीन है। सुनील गोयल जी ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि शहर के इतने गणमान्य एवं समाजसेवी लोगों की माताओं के नाम से पौधे numax सिटी में लगाए गए। इतने गणमान्य एवं समाजसेवी लोगों की माताओं का आशीर्वाद सदैव हमारे साथ रहेगा, इस के लिए मैं प्रबुद्ध जन मंच का हृदय से आभारी हूं। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. विनीत सिसोदिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना आसान है मगर हमेशा उसकी देखभाल करना एक कठिन कार्य है, इसके लिए न्यूमैक्स सिटी के एम डी सुनील गोयल प्रशंसा के पात्र हैं। न्यू मैक्स सिटी को देखकर ऐसा लगता ही नहीं कि इतनी सुंदर सोसाइटी मुजफ्फरनगर में है। ऐसी सोसाइटी की अपेक्षा इससे पहले सिर्फ बड़े शहरों में ही की जा सकती थी। लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट GLT कॉर्डिनेटर लायन रीना अग्रवाल ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि टाउनशिप में आने के लिए जाम में फंसना नहीं पड़ा। यह मुख्य हाईवे पर स्थित है। न्यूमैक्स सिटी के एम डी सुनील गोयल ने कहा कि मैं इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे सुंदर एवं सुविधा युक्त टाउनशिप बनाने के लिए कृत-संकल्प हूं। इस कार्यक्रम में लायन अनुराधा वर्मा डिस्ट्रिक्ट GMT कॉर्डिनेटर, का विशेष सहयोग रहा, मुख्य रूप से कार्यक्रम में लायन कुंज बिहारी अग्रवाल पूर्व मंडला अध्यक्ष PMJF, लायन CA अजय अग्रवाल Chief डिस्ट्रिक्ट एम्बेसडर, PMJF लायन रीना अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट GLT कोऑर्डिनेटर, लायन गिरिराज माहेश्वरी, लायन गिरीश अग्रवाल, लायन मुकेश अरोड़ा, क्लब अध्यक्ष शिव शंकर मित्तल, लायन अमित मित्तल, ओडी शर्मा, नंद गोपाल, योगेंद्र कंबोज, भूपेंद्र गुप्ता, अमित गर्ग, अनिल कंसल, नितिन गोयल, दिनेश गर्ग, राजेश मित्तल, मुकुल गोयल, मनीष जैन, CA सचिन गोयल, खुशबू गोयल, अनुराधा मित्तल, वंदना मित्तल, नेहा गर्ग, आदित्य भरतीया, अनुश्री भारतीय, राजीव महेश्वरी, हेमलता महेश्वरी, लायन अनुपमा गोयल, लायन कमला भगत आदि ने अपनी-अपनी माता जी के सम्मान में पौधे लगाए।

सुनील गोयल (मैनेजिंग डायरेक्टर) न्यूमैक्स ग्रुप

चैतन्य गोयल (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर)












प्रस्तावित- जैन मंदिर



प्रस्तावित- विला



प्रस्तावित- क्लब



प्रस्तावित- ग्रुप हाऊसिंग

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन


सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 226 रविवार, 17 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



## छह माह की बच्ची के साथ महिला ने मोती झील में कूदकर किया आत्महत्या का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** नगर के मोहल्ला जनकपुरी निवासी राखी का अपने पति राहुल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के चलते महिला अपनी 6 माह की बच्ची को लेकर घर से आ गयी और शामली रोड पर पहुंचकर पुल के नीचे उतरकर मोती झील में कूदने का प्रयास किया। महिला बच्ची के साथ मोती झील के किनारे ही पहुंची थी, कि तभी आसपास के लोगों ने देखकर शोर मचाते हुए महिला को पानी से बाहर निकाल लिया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को लेकर बुढ़ाना मोड चौकी पर चली गयी। पुलिस ने महिला के पति को भी बुला लिया। पति दो वर्षीय बेटे के साथ चौकी पहुंचा। पुलिस ने महिला को समझाकर विवाद सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन महिला ने अपने पति के साथ जाने से इंकार कर दिया। बाद उसके भाई को बुलाकर महिला को उसके मायके भिजवा दिया गया।



# 'नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की' और 'वंदेमातरम' के नारों के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुए पर्व

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** लगातार दो दिन पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्म का उत्साह दिखाई दिया। स्वतंत्रता दिवस पर एक ओर जहां विभिन्न कार्यालयों, संस्थाओं, कलेक्ट्रेट एवं पुलिस लाइन परिसर में ध्वजारोहण किया गया, वहीं हर घर, हर दुकान पर तिरंगा लहराने के साथ-साथ वंदेमातरम के नारे खूब गूंजे। हर दुकान हर घर पर ही नहीं बल्कि हर हाथ में तिरंगा दिखाई दिया। कहीं युवा सड़कों पर टोली बनाकर मोटर साइकिलों के माध्यम से तिरंगा लहराते देखे गए तो कहीं चौपहिया वाहनों पर भी बड़े-बड़े ध्वज लगे देखे गए। स्वतंत्रता दिवस से अगले दिन जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। 15 अगस्त से ही मंदिरों में भगवान की पोशाकें तिरंगे फूलों से सजी दिखाई दी। गणपति धाम में बाबा खाटूश्याम को तिरंगे से सजाया गया वहीं शहर हनुमान मंदिर, गोलोकधाम, काली नदी स्थित आत्मबोध मंदिर आदि में भी भगवान तिरंगी पोशाक में दिखाई दिये। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन फिर एक बार सभी मंदिर रोशनी से नहाए हुए थे वहीं दूसरी ओर ठाकुरजी व राधा रानी के सुंदर- सुंदर परिधान देखते ही बनते थे। श्री श्री गोलोकधाम व गणपति धाम में शहर की सर्वाधिक श्रद्धालू देखने को मिले। खूबसूरत सज्जा के मामले में नगर के तीन मंदिरों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक ओर श्री श्री गोलोकधाम, दूसरी ओर गणपति धाम वहीं तीसरी ओर काली नदी स्थित आत्मबोध मंदिर। तीनों की सज्जा वास्तव में देखने लायक एवं प्रशंसनीय थी। रंग-बिरंगी लाइटे ही नहीं बल्कि रंग-बिरंगे फूल मंदिरों पर अदभुत छठा बिखेर रहे थे। गोलोकधाम में राधा-कृष्ण का भव्य रूप देखने को लम्बी-लम्बी लाइने लगी रही वहीं गणपति धाम में ठाकुर जी का चांदी का पलना आकर्षण का केन्द्र रहा। देर रात 12 बजे सभी मंदिरों में ठाकुर जी की भव्य आरती तथा चन्द्रमा को अर्क देने के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद से मुंह मीठा कर अपने अपने व्रत खोले। मंदिरों में नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की, राधे-राधे रटो चले आएंगे बिहारी और कृष्ण जन्म से जुड़े गीतों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और भाव-विभोर हुए। दोनों पर्व सकुशल सम्पन्न होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली, क्योंकि पिछले 15 दिनों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े अधिकारी प्रतिदिन सड़कों पर उतरकर आमजन से सौहार्द्र बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रहे थे।







भगवान कृष्ण जन्मोत्सव पर सजे नगर के विभिन्न मंदिर एवं मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## घर-घर सजे बालकृष्ण

**मुजफ्फरनगर।** जन्माष्टमी के अवसर पर पहले से ही राधाकृष्ण के बाल स्वरूप को सजाने के लिए खूब तैयारियां चल रही थी। ऐसे में प्रत्येक घर में नन्हें बच्चों को भगवान कृष्ण एवं राधा के रूप में सजाया गया। राधा कृष्ण के बाल रूप की सुंदर सुंदर पोशाक देखकर उनकी यशोदारूपी माओं ने अपने-अपने बच्चों की नजर उतारी और उनके साथ सेल्फियां लेकर किसी ने अपने स्टेटस तो किसी ने सोशल मीडिया पर उन्हें प्रसारित किया। घरों के साथ-साथ मंदिरों में भी लोग अपने नन्हें बच्चों को लेकर गए और विभिन्न मंदिरों में राधा-कृष्ण के हजारों अनोखे-अनोखे रूप दिखाए। अपने बच्चों के साथ-साथ महिलाओं ने अपने घर के मंदिरों व अपने घर के ठाकुर जी को खूबसूरत पोशाक पहनाकर उनमें तरह-तरह के रंग भर दिये।





## सोने से बनाए ठाकुर जी के वस्त्र, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मथुरा में 25 लाख ने दर्शन किए,

**मथुरा, 16 अगस्त (एजेंसी)।** देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान में शाम तक 25 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। बांके बिहारी मंदिर के बाहर दर्शन करने वालों की लंबी लाइनें लगी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुरजी को अर्पित होने वाली पोशाक को 6 महीने में मथुरा के कारीगरों ने तैयार किया है। इसमें सोने-चांदी के तारों का इस्तेमाल किया गया है। कपड़े में इंद्रधनुष के 7 रंगों को रखा गया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर सजाया गया है। जिस फूल बंगला में ठाकुरजी विराजे हैं, उसे सिंदूरी फूलों से सजाया गया है।

### 'हर साल मुझे दो बार मथुरा आने का सौभाग्य मिलता है'

**मथुरा।** सीएम योगी ने कहा कि मुझे साल में दो बार जन्माष्टमी और बरसाना रंगोत्सव के मौके पर मथुरा आने का सौभाग्य मिलता है। हमारी सरकार ने तय किया है कि मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन और राधाकुंड को तीर्थ के रूप में विकसित करेंगे। ये डबल इंजन की सरकार है। हम अपनी आध्यात्मिक विरासत की संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर में श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की।

### योगी ने कृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा में भरी हुंकार

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव पर सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा पहुंचे। इसके साथ ही उनके नाम एक नया रिकॉर्ड बन गया। वे यूपी के पहले ऐसे मुख्यमंत्री है, जो पिछले आठ सालों में 38 बार मथुरा और वृंदावन के दौरे पर आ चुके हैं। सीएम ने मथुरा को 645 करोड़ की 118 विकास परियोजनाओं का तोहफा दिया। यहां आयोजित जनसभा में योगी ने कहा कि हमारी सरकार गुलामी के अंश को खत्म कर रही है। हमने अयोध्या में 500 सालों की गुलामी के प्रतीक को हटा दिया। अब हम मथुरा में भी यही काम करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- 'पांच हजार वर्ष से भी पहले से ये बृजभूमि भगवान श्रीकृष्ण के पूर्ण अवतार के रूप में है।

### सीएम योगी ने भी किये दर्शन



## जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जनपद में सुरक्षा के इंतजाम कड़े, मंदिरों में कान्हा के दर्शन के लिये लगी लंबी लाईनें

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (एजेंसी)।** जन्माष्टमी यानि कृष्ण जन्मोत्सव आज पूरे देश ही नहीं, बल्कि मुजफ्फरनगर जनपद में भी पूरे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। आज पूरे जनपद में मंदिरों में सुबह से भारी भीड़ देखी गई। लोग सुबह से लाइनों में लगकर नन्हें कान्हा के दर्शन कर रहे थे। देर रात से ही लोगों का उत्साह सातवें आसमान पर था। जैसे ही रात को 12 बजे, पूरे जनपद के मंदिर कृष्ण कन्हैया-लाल-की-जय से गूंज उठे। ऐसे ही जनपद में अगर सबसे बड़ी चुनौती होती है, तो वो होती है पुलिस विभाग के लिये। ऐसे में जनपद के पुलिस कप्तान संजय कुमार वर्मा के सीधे-सीधे निर्देश थे कि किसी तरह की भी कोताही सुरक्षा में नहीं होनी चाहिये। फिलहाल सुरक्षा के मद्देनजर हर मंदिर में एक या दो पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे।

गौरतलब है कि जनपद में कोई भी त्यौहार हो, सुरक्षा कड़ी रखनी पड़ती है, क्योंकि पहले भी सुरक्षा कारणों से हादसे होते-होते बचे हैं। आपको याद होगा कांवड़ के दौरान भी कुछ ऐसा ही होने वाला था, लेकिन सही समय रहते पुलिस ने दंगाइयों के मंसूबों पर पर पानी फेर दिया था। पुलिस ने खुद प्रेसवार्ता करके जानकारी देते हुए बताया था कि एक समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने पाकिस्तान की वीडियो जिसमें हिंसा हो रही थी, को भारत का बताकर जनपद में दंगे करवाने की पूरी तैयारी कर ली थी। इसके अलावा लोगों की भी जिम्मेदारी होती है कि ऐसे त्यौहारों पर संयम से दर्शन करें। किसी तरह से भी पैनिक ना हों और पुलिस के साथ सहयोग करें। सुबह से ही यातायात को लेकर पुलिसबल सड़कों पर देखा गया। जिन मार्गों पर शहर के अंदर छोटे बड़े मंदिर हैं, वहां पर रोड डायवर्जन किया गया था। शहर के अंदर ही छोटे-छोटे बच्चों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम दिखी। बच्चे अपने-अपने माता-पिता के साथ कृष्ण की पोशाकें पहनकर सुंदर लग रह रहे थे। ऐसे में जनपद में जितने भी मंदिर हैं जैसे कि गांधी कॉलोनी का श्री-श्री गोलोक धाम, नई मंडी का गणपति धाम, नदी घाट का राधा रानी मंदिर, रुड़की रोड पर स्थित श्री राधा रानी मंदिर, कुष्ठ आश्रम और श्री हनुमान मंदिर जो कि शहर डाकघर के निकट है, यह जनपद के मुख्य मंदिरों में से हैं। जहां कोई भी हिंदू त्यौहार हो, जनता उमड़कर आती है। हिंदू त्यौहारों को यहां धूंमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में असमाजिक तत्वों की कोशिश होती है कि माहौल को कुछ भी करके खराब किया जा सके, लेकिन पुलिस इन असामाजिक तत्वों को कभी सफल नहीं होने देती है। इसी को देखते हुए इन मंदिरों में पुलिस बल तैनात किया जाता है। आपको याद होगा कि कांवड़ के दौरान भी मुख्य शिव चौक पर एटीएस की तैनाती की गई थी। एटीएस ही नहीं आरपीएएफ की भी भारी डिप्लोयमेंट शहर में की गई थी। ऐसे में पुलिस के लिये भी यह आसान नहीं होता है कि इतनी भीड़ को कंट्रोल किया जा सके, लेकिन अगर कुछ अनहोनी होती है, तो भी सारा ठीकरा पुलिस के सर पर ही फूटता है। ऐसे में पुलिस की भारी सुरक्षा जन्माष्टमी को भी मंदिरों में देखने को मिली है।




# जवान के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब, दी अश्रुपूर्ण विदाई

▶▶ जवान राहुल चौधरी के सात वर्षीय मासूम पुत्र बसंत ने पार्थिव शरीर को दी मुखाग्नि ▶▶ परिवार व ग्रामीणों में पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर न देने को लेकर दिखा रोष व्याप्त

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** असम राइफल्स में तैनात नई मंडी कोतवाली क्षेत्र गांव चांदपुर के रहने वाले जवान की उस समय दुखद मौत हो गयी, जब अरुणाचल प्रदेश में तैनाज जवान असलाह साफ कर रहा था, तभी अचानक गोली लगने से मौत हो गयी। शनिवार को जवान का शव गांव पहुंचा तो आसपास के क्षेत्रों के लोगों का जनसैलाब जवान को अंतिम विदाई देने के लिए गांव में पहुंचा। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद के अंतिम संस्कार में शामिल होकर परिवार को ढाढस बंधाया। क्षेत्र के लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए जवान को अंतिम विदाई दी।

चांदपुर निवासी राहुल चौधरी की भर्ती 18 वर्ष पूर्व 2007 में असम राइफल्स में हुई थी। वर्तमान में उनकी तैनाती अरुणाचल प्रदेश में थी। 14 अगस्त को ड्यूटीस्थल पर असलाह साफ करते हुए हादसे में उनकी मौत हो गयी। 14 तारीख को ही राहुल चौधरी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी तो परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को देर रात जवान का पार्थिव शरीर उनके पैत्रृक गांव चांदपुर पहुंचा तो लोगों की आंखे नम हो गयी। शनिवार को अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को रखा गया जहां राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित सपा नेता राकेश शर्मा व सीओ मण्डी राजू कुमार साव गांव पहुंचकर जवान को श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। जवान राहुल चौधरी के सात वर्षीय मासूम पुत्र बसंत ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। परिवार व ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष व्याप्त दिखा कि राहुल के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया गया। अंतिम यात्रा में ग्रामीण तिरंगा लेकर पहुंचे और देशभक्ति के गीतों के बीच राहुल का अंतिम संस्कार किया गया।







संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## हिन्दू नाम बताकर नोएडा की युवती के साथ सम्प्रदाय विशेष के युवक ने कई बार दुष्कर्म किया, मुकदमा दर्ज

**मीरापुर, 16 अगस्त (बु.)।** नोयडा में नौकरी कर रही एक हिन्दू युवती को नोयडा में साइबर कैफे चलाने वाले मीरापुर के सम्प्रदाय विशेष के युवक ने खुद को हिन्दू बताकर युवती को प्रेमजाल में फंसाकर युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी के असली नाम की जानकारी लगने पर युवती ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और मीरापुर बुलाकर पुनः दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने भागकर पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी लगते ही भाजपा नेताओं ने थाने पहुँचकर कार्यवाही की मांग की। पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया। मूलरूप से सुल्तानपुर जनपद की रहने वाली एक युवती पिछले कई वर्षो से नोयडा के सैक्टर 62 में दीपक विहार में रहकर नोकरी कर रही है। युवती की मुलाकात करीब एक वर्ष पूर्व नोयडा में ही उसके पडौस में साइबर कैफे चलाने वाले मीरापुर निवासी युवक शाहरूख पुत्र इकबाल से हुई। युवती के अनुसार मुलाकात के दौरान शाहरूख ने खुद को हिन्दू बताया और धीरे-धीरे उससे नजदीकियां बढ़ाकर उसे प्रेमजाल में फंसाकर उसका कई बार शोषण किया। आरोप है कि एक दिन युवती को उसके असली नाम की जानकारी लगी, तो युवती ने विरोध करते हुए पुलिस से शिकायत करने की बात कही, जिस पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की तथा मीरापुर आ गया तथा आरोप है कि शुक्रवार को आरोपी शाहरूख ने फोन करके बहाने से युवती को मीरापुर बुला लिया और अपने घर में जबरन उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती किसी तरह वहाँ से भाग कर थाने पहुँच गई। सूचना पर कई भाजपा कार्यकर्ता व हिन्दू संगठनों के लोग भी थाने पहुँच गए तथा पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शाहरूख को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने युवती को मैडिकल के लिए भेज दिया तथा आरोपी का चालान कर दिया।

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.8°c
अधिकतम 32.2 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:57 | वर्ष : 53/अंक : 226 रविवार, 17 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-8

**अमृतवाणी**

अगर आप के अंदर आत्मविश्वास की कमी हो जाती है, तो ये दुनिया डरावनी नजर आती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

युवा कांग्रेस ने शुरू किया घर-घर जाकर मतदाता सूची जाँचने का काम : नयी दिल्ली



कांग्रेस सोचती है....चुनाव आयोग तो भाजपा से मिला ही हुआ है....वोटर भी भाजपा से मिल गए...

# पुरकाजी में 'सूली वाला बाग' तिरंगा यात्रा में भीड़ के पिछले सभी रिकॉर्ड हुए ध्वस्त

## ● 26 जनवरी 2026 को ऐतिहासिक बना दूंगा : जहीर फारुकी



मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त। पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारुकी के नेतृत्व में हजारों देशभक्तों ने रोडवेज बस स्टैंड से लेकर सूली वाला बाग तक तिरंगा यात्रा निकालकर ध्वजारोहण कार्यक्रम किया। जहीर फारुकी ने बताया कि पुरकाजी के सूली वाला बाग पर सैकड़ों देशभक्तों ने देश की आजादी के लिए अपनी जानें न्यौछावर की हैं, फिर भी इस ऐतिहासिक स्थल को आज तक शहादत स्थल घोषित नहीं किया गया है। पुरकाजी के लोग सूली वाला बाग को शहीद स्थल घोषित करवाने की मांग को लेकर पिछले 9 सालों से संघर्ष कर रहे हैं। नगर पंचायत पुरकाजी ने सूली वाला बाग को शहीद स्मारक तो बना दिया है, लेकिन शहीद स्थल घोषित होने तक संघर्ष करते रहेंगे। पुरकाजी के लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और जलपान की व्यवस्था की गई। सरकार की हर घर तिरंगा मुहिम को सबसे ज्यादा पुरकाजी कस्बे में चेयरमैन जहीर फारूकी के नेतृत्व में समर्थन जनता का मिलता है। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर हजारों लोगों का जनसैलाब सड़कों पर उमड़ता है। आने वाली 26 जनवरी को और ऐतिहासिक कार्यक्रम कराने की चेयरमैन ने घोषणा कर दी है। पुरकाजी के सूली वाला बाग को गुमनामी के अंधेरों से निकालकर एक नई पहचान दिलाने वाले भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव और चेयरमैन पुरकाजी पिछले 9 सालों से सूली वाला बाग को शहीद स्थल घोषित कराने की मांग को लेकर पुरकाजी रोडवेज अड्डे से लेकर सूलीवाला बाग तक तिरंगा यात्रा निकालते हैं। जहीर फारूकी ने पुरकाजी की जनता को तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए इतना जागरूक कर दिया है कि पुरकाजी के जो लोग दूसरे प्रदेशों में काम कारोबार करते हैं, वो राष्ट्रीय पर्व पर स्पेशल छुट्टियां लेकर पुरकाजी आते हैं। एक दिन पहले से तिरंगे झंडे, टोपियां और पटके मेले की तरह बिकते हैं और किसी त्यौहार की तरह लोग सुबह को तैयार होकर रोडवेज बस स्टैंड पर एकत्रित होते हैं।

वहां से जहीर फारूकी सबको अनुशासन से चलने और देश के झंडे का महत्व बताकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हैं। पुरकाजी की सड़कों पर देशभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। इतनी भीषण गर्मी भी पुरकाजी के लोगों का हौसला कम नहीं कर पाई। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह लोग पुष्पवर्षा करके उसमें शामिल लोगों को जलपान कराकर स्वागत करते हैं। तिरंगा यात्रा सूली वाला बाग पर जाती है, वहां चेयरमैन पुरकाजी ने बड़े-बड़े माइक से जनता को राष्ट्रगान का महत्व बताया। पुरकाजी के सभासदों और जिम्मेदार नागरिकों के साथ चेयरमैन पुरकाजी ने ध्वजारोहण किया। हजारों लोगों ने एक साथ राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। चेयरमैन ने पुरकाजी की जनता को राष्ट्रभक्ति और एक अच्छे उद्देश्य के साथ जोड़ा है। इतनी बड़ी आमजन की भीड़ ध्वजारोहण कार्यक्रम में बहुत कम देखने को मिलते हैं। कार्यक्रम में जनता हर साल बढ़ती जा रही है। जिसका श्रेय जहीर फारूकी को जाता है। जहीर फारूकी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक पुरकाजी के सूली वाला बाग को शहीद स्थल घोषित नहीं किया जाता है, तब तक हम प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व पर ऐसे ही तिरंगा यात्रा लेकर शहीद स्थल पर आयेंगे और सरकार से मांग करेंगे कि सूलीवाला बाग को शहीद स्थल बनाया जाए। जहीर फारूकी ने कहा कि आने वाली 26 जनवरी को ऐतिहासिक कार्यक्रम किया जाएगा, जिसे पूरा देश देखेगा।



### पहले स्कूल में फिर अपने पिता की तिरंगा यात्रा में शामिल हुआ जैद

नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर फारुकी के बेटे जैद फारूकी पहले अपने स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बने और उसके पश्चात अपने पिता द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। लोगों ने बेटे का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जैद फारुकी आने वाले समय में अपने पिता का नाम रोशन करेगा। पूरी यात्रा में अपने पिता के साथ चला रहा और क्षेत्र के लोगों ने उसका उत्साहवर्धन किया।

### पूरे अनुशासन के साथ निकली तिरंगा यात्रा

चेयरमैन जहीर फारूकी की तिरंगा यात्रा में अनुशासन हमेशा से देखने को मिलता है। उनकी एक बड़ी टीम इस काम को अच्छे से अंजाम देती है। अनुशासन टीम के हाफिज मोहसिन, मनीष गोयल, इरशाद फरीदी, धीरज गर्ग, साजिद , शहजाद फरीदी, निखिल गोयल, दीपक माहेश्वरी, तकी कुरैशी, डॉक्टर महावीर, नसीम बरकत, रियासत , अंकित लोगों की टीम निगरानी रखती है।

### नगर पंचायत पुरकाजी मेरा परिवार : जहीर फारूकी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा में पुरकाजी नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर फारुकी के नेतृत्व में पुरकाजी क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति के तराने के बीच बड़े जोशीले अंदाज में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर फारूकी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों का प्यार उन्हें हर बार मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग पूरा सम्मान करते हैं और पूरा नगर पंचायत पुरकाजी मेरा परिवार है।



### यात्रा को सफल बनाने में इन लोगों का रहा महत्पूर्ण योगदान

तिरंगा यात्रा में रोडवेज अड्डे पर इनाम फरीदी ने ओर ईदगाह पर नदीम सुल्तान, मौहल्ला हलवाइयान में नौशाद फरीदी ने लोगों को हलवा पकौड़ी वितरित किए। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में मुख्य रूप से कमल कुमार मैनपाल, राजूपाल, रियासत, नसीम, निसार मेम्बर और आशु, शमशेर फरीदी, नदीम सुल्तान, शाहलम गौड, इस्तखार मेंबर, आरिफ खान, हाफिज जुल्फिकार, नदीम मेम्बर, सुलेमान मेम्बर, आजाद फरीदी मैंबर, आलम कुरैशी मेम्बर, आदिल फरीदी, मुकर्रम फरीदी, शाहनवाज खान, महराज खान, आनंद अब्दुलपुर, अफसर अली आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा














# डीएस पब्लिक स्कूल में गूंजी भारत माता की जय के साथ श्री कृष्ण की जयकार

## - कार्यक्रम देखकर मंत्रमुग्ध हुए अभिभावकगण

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भारत माता की जय के नारों के साथ भगवान श्री कृष्ण की भक्ति की रसधार बह उठी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ का स्कूल मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने मुख्य अतिथि अंकुर दुआ एवं स्कूल के मैनेजर सुधीर शर्मा का राधा नाम रूपी पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व विद्यालय में आज राष्ट्र की स्वतंत्रता के महापर्व पर तिरंगा ध्वज फहराते हुए आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। इस बीच स्कूल डायरेक्टर रेनू शर्मा, एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन एवं प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय सभागार में देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, देशभक्ति गीत तथा लघु नाटिकाओं द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस बीच विद्याालय सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। स्कूल हेड गर्ल सानवी शर्मा एवं हेड बॉय प्रशांत नागोरिया ने मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों का बैज लगाकर स्वगत किया। स्कूल हेड गर्ल सानवी शर्मा ने डायरेक्टर रेनू शर्मा एवं एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन का पटका पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में कृष्ण भक्ति गीत श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी की भक्ति पूर्ण प्रस्तुति के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे सैनिकों को नमन करते हुए भारत के सैनिकों की शौर्य गाथा, ऑपरेशन सिंदूर की झलकियों का नाट्यकरण प्रस्तुत किया। वहीं श्री कृष्ण सुदामा के भावपूर्ण मिलन की सुंदर प्रस्तुति दी गई। वहीं नन्हें मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक की लीलाओं का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कक्षा तीन के बच्चों ने राधा कृष्ण के प्रेम एवं कृष्ण की लीलाओं की सुंदर प्रस्तुति दी। अंत में कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम गीत द्वारा भगवान श्री कृष्ण की वंदना करते हुए संपूर्ण सभागार को कृष्ण भक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर स्कूल मैनेजर सुधीर शर्मा, डायरेक्टर रेनू शर्मा एवं एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन, प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संपादक अंकुर दुआ को विद्यालय की ओर से एक मोमेंटो भेंट करते हुए उनके आगमन पर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

## जिस उम्र में हम माइक पर बोल नहीं पाते थे, उस उम्र में ये नन्हे बच्चे दे रहे शानदार प्रस्तुति : अंकुर दुआ



**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम के बीच कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने विद्यालय प्रबंधन के साथ पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंच पर उस वक्त जहां हम चढ़ने तक की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे, ऐसे में इन बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही अस्मरणीय दिखाई दे रहा है। उन्होंने देश भक्ति के साथ में देव भक्ति के अनूठे संगम के प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कार्यक्रम के लिए शिक्षक इंचार्ज व कोरियोग्राफर की प्रशंसा करते हुए मंच से विशेष प्रस्तुतियों के लिए इस कार्यक्रम में श्री कृष्ण की भूमिका निभा रही नव्या चंचल, सुदामा बने लव बालियान एवं कंस की भूमिका निभाने वाले भानु प्रताप शर्मा सहित देशभक्ति पूर्ण भाषण देने वाली छात्रा लोमा सिद्दिकी को 11-11 सौ रुपए के नगद पुरस्कार देने की घोषणा की, जिसके बाद पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। संपादक अंकुर दुआ ने डीएस पब्लिक स्कूल में संपन्न कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अपना संदेश देते हुए कहा कि यह अभिभावकों का दायित्व है कि वह अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाने पर भी ध्यान दें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को अपने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने अपने मुजफ्फरनगर को भ्रष्टाचार मुक्त कर प्रदेश एवं देश का श्रेष्ठ जनपद बनाने की उनके द्वारा चलाई जा रही मुहिम के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम एक जागरूक नागरिक बन अपने आसपास हो रही सभी घटनाओं पर भी नजर रखें। साथ ही सभी अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी पूर्वक पालन करेंगे तभी यह जनपद, यह प्रदेश एवं यह देश प्रगति के शिखर पर पहुंचेगा। उन्होंने छोटे बच्चों को मोबाइल की आदत को घातक बताते हुए उस पर रोक लगाने के साथ स्कूल और कॉलेजों में पढ़ रहे बच्चों को अभिभावक के साथ दोस्त बनकर उनकी बात सुनने के साथ उन पर निगरानी किए जाने की जरुरत पर भी जोर दिया।




# गुडविल सोसायटी ने किया शहीदों का स्मरण, बलिदानियों को दी पुष्पांजलि



**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** आज स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर स्थानीय तुलसी पार्क परिसर में गुडविल सोसायटी मुजफ्फरनगर के सौजन्य से "एक शाम शहीदों के नाम" एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों का स्मरण करते हुए उन्हें अपनी भावपूर्ण पुष्पांजलि प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से गुडविल सोसाइटी के सदस्यों ने जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्यों को शॉल-पुष्प माला तथा तिरंगा पटका भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इस मनोहारी कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने की और सोसाइटी की रचनात्मक एवं सृजनात्मक क्रिया-कलापों पर सोसाइटी के सचिव होतीलाल शर्मा ने विस्तार से प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहनी ने किया। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जहाँ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, वहीं पूर्व विधायक अशोक कंसल, प्रधान संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन अंकुर दुआ, व्यापारी नेता संजय मित्तल कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत कर उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रीय प्रेम की भावना को जागृत करते हुए गीतों का आनंद लिया और अपने हाथों से तिरंगा फहराते हुए शहीद को याद कर भारत माता की जय के नारे लगाए। शिवकुमार संगल बाटा वाले, शशि गोयल, शलभ गुप्ता, संजय मजदूर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का परिवार जन होने के नाते सम्मानित किया गया। प्रमुख संगीतकार सतपाल ने इस समारोह के देशभक्ति गीतों से सराहनीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बच्चों ने भी देशभक्ति गीत गाकर सबका मन मोह लिया। अनिल गोपाल गर्ग, अवनीश, मोहन तायल, बीएम गुप्ता, भंवर सिंह, बोहरन लाल, बृजमोहन, डॉ. विवेक कुमार, कीमती लाल जैन, एल.के. मित्तल, लोकेश चंद्रा, मुकेश अरोड़ा, मुकेश लाल एडवोकेट, मुकुल दुआ, नरेश शर्मा, पीके गुप्ता, प्रमोद बंसल, राजीव अग्रवाल, रामकुमार तायल, विनोद संगल, टोनी बिंदल, भारत अग्रवाल, विश्वदीप गोयल, अरुण गोयल, नवीन सिंघल, शिशुकान्त गर्ग एडवोकेट, प्रवीण सिंगल, श्रीमोहन तायल, इंजीनियर ब्रह्म प्रकाश शर्मा, अजय अग्रवाल सी.ए, अजय सिंघल, संजीव गोयल, दिनेश गुप्ता, संजय गर्ग, सुनील तायल, शिवनारायण अग्रवाल, अनिल नामदेव, अनिल तायल, पुनीत वशिष्ठ, भारत अग्रवाल, टोनी बिंदल, विशाल गर्ग, प्रेम प्रकाश अरोड़ा, आदित्य अग्रवाल, अजय गर्ग, प्रवीण सिंगल, स्वराज वर्मा, संजय गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गुडविल सोसाइटी अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



# द एसडी पब्लिक स्कूल में 79वें स्वतंत्रता दिवस की धूम



**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** शुक्रवार को आजादी के 78 वर्ष पूरे होने पर दा एसडी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव व सम्मान का दिन है, जो हमें देश की स्वतंत्रता, समृद्धि एवं अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संदेश देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे मुख्य अतिथि आकाश कुमार जी, सचिव दा एसडी पब्लिक स्कूल, विशिष्ट अतिथि आकांक्षा कुमार और विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान की ध्वनि से पूरे विद्यालय का प्रांगण गूंज उठा। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई, जिस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर सभी के हृदय में देशभक्ति के भाव का संचार किया। इस शुभ अवसर पर जन-जन के हृदय में स्वतंत्रता के उत्साहवर्धन के लिए एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना ने आकाश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि आकांक्षा कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों की सुंदर एवं देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमें अपने देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद रखते हुए अपने प्रयासों के माध्यम से सदैव देश की उन्नति और प्रगति के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

## श्री कदीम अग्रवाल सभा ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** श्री कदीम अग्रवाल सभा अबूपुरा में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उद्यमी रघुराज गर्ग एवं पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने झंडारोहण करते हुए सबको बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष श्रीमोहन तायल व संचालन मंत्री अनिल तायल व पवन बंसल ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम आयोजक सभा उपाध्यक्ष मयंक बंसल रहे। कार्यक्रम में सभी ने भारत माता को याद करते हुए ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया और देश के सभी शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ध्वजारोहण किए जाने के बाद भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

और महाराजा अग्रसेन जी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया जिसमें मुख्य रूप से पवन बंसल, प्रदीप बंसल, वीरेंद्र मित्तल, अमित अग्रवाल बंटी, सरवन मित्तल, मनीष गुप्ता, अनिल बंसल, जय पाल बंसल, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, विजय चिंटू, अभिलक्ष मित्तल, नरेश गर्ग, दिनेश गुप्ता, शिवकुमार सिंघल, कृष्ण गोपाल मित्तल, सुनील तायल, परीक्षित मित्तल एड, हिमांशु गोयल, आस्था बंसल, सत्य प्रकाश कुच्छल, युविका तायल, संजीव उपाध्याय, सुखदेव मित्तल एड, दिनेश बंसल, जनार्दन स्वरूप एवं शिवकुमार सिंगल आदि उपस्थित हुए।










## कुँवर जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित कुँवर जगदीश प्रसाद एसडी इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान ध्वजारोहण सत्र में अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात झण्डा गीत एवं राष्ट्रगान के साथ परिसर में उल्लास का दृश्य उत्पन्न हो गया। कुंवर जगदीश प्रसाद एसडी इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सतीश गर्ग ने देश की स्वतन्त्रता में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले शहीदों का स्मरण किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, संदेश गीत तथा नाटक के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रबन्धक सुखदेव मित्तल एड. ने स्वतन्त्रता दिवस की संवैधानिक पृष्ठभूमि को बड़े सारगर्भित शब्दों द्वारा अभिव्यक्त किया। इस दौरान साधुराम गर्ग प्रबंधक जू. हा. स्कूल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सुनील गोयल, अंजुल भूषण, अमित गर्ग एड, अजय गर्ग, अनुराग अग्रवाल, पुष्पेन्द्र जिंदल, प्रवीण गुप्ता, जनार्दन स्वरूप, राजेश शरण, वैभव मित्तल, नवीन गुप्ता, अनिल बत्रा, विपिन संगल आदि मौजूद रहे। समारोह के अन्त में प्रधानाचार्य राजीव गौतम ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।






# ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादवीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैड मिस्ट्रेस ममता चौहान, एडमिशन इंचार्ज कंचन सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय का समस्त स्टाफ व उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा झंडे को सलामी दी गई। सभी ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊचाँ रहे हमारा व सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा गीत गया। आज आजादी के तराने एवं जयघोष से गगन मंडल गुंजायमान हो गया। कक्षा 09-अ की छात्रा ईशा गौड़ ने आज का सुविचार प्रस्तुत किया। इसके उपरान्त 11-अ की छात्रा कनक रोहिला व 10-अ की छात्रा मन्नत गर्ग ने क्रमशः हिंदी व अंग्रेजी समाचार प्रस्तुत किये। इसके उपरान्त 11-अ की छात्रा स्तुति गोयल ने अंग्रेजी व 10-अ की छात्रा दीपांशी ने हिंदी में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए देश के वीर सपूतों की अमर गाथाओं एवं बलिदान से सबको अवगत कराते हुए देशभक्ति की भावना को संचारित किया और सैल्यूट किया। इस आजादी के जश्न में सांस्कृतिक व स्पोर्ट्स क्रिया-कलापों का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न हाउस से देश भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता से जुड़ी घटनाओं का स्मरण कराया और शहीदों के बलिदान को शत शत नमन किया। संगीत ग्रुप गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बोस, द्वितीय स्थान कलाम एवं तृतीय स्थान रमन हाउस ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बोस, द्वितीय स्थान कलाम, तृतीय स्थान रमन एवं चतुर्थ स्थान भाभा हाउस ने प्राप्त किया। बालक वर्ग में में बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भाभा, द्वितीय स्थान बोस,तृतीय स्थान रमन एवं चतुर्थ स्थान कलाम हाउस ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कलाम, द्वितीय स्थान रमन एवं तृतीय स्थान भाभा हाउस ने प्राप्त किया। बालक वर्ग में में शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कलाम, द्वितीय स्थान भाभा एवं तृतीय स्थान रमन हाउस ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने विद्यालय के समस्त स्टाफ व उपस्थित बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और वीर सपूतों के बलिदान को नमन किया और कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हम सभी को एकता के सूत्र में बांधता है और देश के स्वतंत्रता सेनानियों, महान नेताओं एवं वीरों को हमारा सच्चा नमन तभी होगा, जब हम सब मिलकर अपने देश को उन्नत एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें, तभी हम अपने देश के सच्चे नागरिक कहलाएंगे। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आजादी की महत्ता को उन्होंने सर्वोपरि बताया और छात्रों को देश का भाग्य निर्माता बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और देश के शहीदों की शहादत को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन पायल मित्तल व रश्मि पालीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ छात्र-छात्राओं को मिष्ठान्न वितरित करके हुआ।





# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत की गौरवशाली धरोहर मिली: मीनाक्षी

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर नगरपालिका परिषद् के मुख्य गेट पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया। इस दौरान सभासद, पालिका अधिकारी व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके अलावा चेयरपर्सन ने अनेक कार्यक्रमों में शामिल होकर सभी को शहर की स्वच्छता और सुन्दरता में अपना सहयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्रवाद के भाव से ओत-प्रोत कर दिया। नगरपालिका प्रांगण टाउनहाल ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति के जयघोष से गूंज उठा। इस बीच ओजस्वी वातावरण में राष्ट्रगान के बाद नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति गीत के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना को शिखर तक पहुंचाने का काम किया। चेयरपर्सन ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग व बलिदान के कारण आज हमें स्वतंत्र भारत की यह गौरवशाली धरोहर मिली है। हमें अपने नगर और देश की उन्नति के लिए मिल कर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी लोगों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि नगर की प्रगति में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और पालिका नगरवासियों के सहयोग से विकास कार्यों को गति देने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और सभासदों के साथ टाउनहाल के दोनों पार्कों में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरणसिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर देश के महान पुरुषों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां मुख्य रूप से सभासद कुसुमलता पाल, ममता बालियान, बॉबी सिंह, रितु त्यागी, महिका गुप्ता, भाजपा युवा नेता विकल्प जैन, सभासद मनोज वर्मा, हिमांशु कौशिक, शौकत अंसारी, अन्नू कुरैशी, शहजाद, अब्दुल सत्तार, खालिद, आशुतोष गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, जेई कपिल कुमार, चीफ योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बाद में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस मात्र एक पर्व नहीं, बल्कि असंख्य वीर सेनानियों के बलिदान की स्मृति है। इसके अतिरिक्त चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शिव चौक पर सामूहिक राष्ट्रगान में प्रतिभाग किया। यहां पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, विजय सिंह, बैंक चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह, पालिका सभासद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर्व का आयोजन धूमधाम से संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान एवं काउंसलर कंचन सोनी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने श्री कृष्ण की प्रतिमा को तिलक लगाकर माल्यार्पण करके किया। इस पावन पर्व पर विद्यालय के कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्र-छात्राओं ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, नन्द के घर आनंद भयो, मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो आदि गानों पर मनमोहक नृत्य व नन्हें- मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओ को - कृष्ण जन्म कारागृह में, नंद बाबा के द्वारा यमुना पार ले जाते हुए, सुदामा-कृष्ण मिलन, मटकी फोड़ आदि सुंदर झांकियों के रूप में प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस पर्व की महत्ता पर विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने प्रकाश डालते हुए कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें भगवान कृष्ण के जीवन से कई महत्वपूर्ण बातें सिखाता है, जैसे भक्ति, प्रेम, करुणा, धर्म का पालन करना, हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना और दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान से व्यवहार करना। अंत में हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने सभी छात्र - छात्राओं व माताओं को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।





नगर सर्राफा बाजार में इब्जा मुजफ्फरनगर टीम द्वारा झंडा रोहन एवं प्रसाद वितरण करके स्वतंत्रता दिवस को धूम धाम से मनाया गया एवं सभी देश वाशियो को स्वत्रता दिवस की शुभकामनायें दी गयी। इस पावन मौके पर इब्जा मुजफ्फरनगर की पूरी टीम उपस्थित रही।

# लायंस क्लब मुजफ़्फरनगर सेंट्रल द्वारा निकाली गई स्वतंत्रता दिवस पर कार रैली

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** लायंस क्लब मुजफ़्फरनगर सेंट्रल द्वारा आज स्वन्त्रता दिवस एक कार रैली निकाल कर मनाया गया। क्लब के मेम्बर पहले जनसठ रोड स्थित कुसुम फार्म पर एकत्रित हुए, वहाँ क्लब के सभी लायन मेंबर्स ने देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत होकर ध्वजारोहण करने के उपरांत राष्ट्रगान किया। फिर वहाँ सभी कार को राष्ट्र ध्वज से सुशोभित किया गया एवं सभी क्लब मेंबर्स ने कार रैली में भाग लिया। कार रैली कुसुम फार्म जानसठ रोड से प्रारंभ होकर महावीर चौक, प्रकाश चौक, शिव चौक, मीनाक्षी चौक, मेरठ बाईपास रोड से होते हुए सभी मेंबर्स ने हल्दीराम पर लंच किया। कार रैली में लगभग 20-25 कार थी और लगभग 50-60 लायन लायनेड मेम्बर थे। राष्ट्र ध्वज से सुसज्जित कार रैली बड़ी मनमोहक लग रही थी। कार रैली में मुख्य रूप से क्लब अध्यक्ष लायन शिवशंकर मित्तल, सचिव लायन निपुण मित्तल, कोषाध्यक्ष लायन कार्तिक सिंघल, कार्यक्रम आयोजक लायन मोहित मित्तल, एवं सभी लायन, लायनेड मेम्बर उपस्थित रहे।







# एसकेबी आरोग्यम सुपर स्पेशॅलिटी हेल्थ केयर पर हुआ ध्वजारोहण

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** एसकेबी आरोग्यम सुपर स्पेशॅलिटी हेल्थ केयर जानसठ रोड मुजफ़्फरनगर में स्वतन्त्रा दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण किया गया। सभी ने मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया एवं देशभक्ति के तराने गाये। सभी स्टाफ एवं मौजूद मरीजों, अन्य सभी को जलपान का वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित सोसाइटी की सचिव आभा बंसल ने सभी मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की और हॉस्पिटल द्वारा प्रदान की जाने वाली उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। इस मौके पर वरिष्ठ हृदय चिकित्सक अनुभव सिंघल, न्यूरो सर्जन श्रीशाम अग्रोया, ओर्थो पेडिक सर्जन सोमेश गुप्ता, अमित कुमार, अतिन कुमार व अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

















उप्र उद्योग व्यापार संगठन द्वारा कैंप कार्यालय सहित अनेकों इकाइयों में झंडारोहण किया गया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, संजय मिश्रा, राकेश त्यागी, तरुण मित्तल, पवन वर्मा, विजय प्रताप, अभिलक्ष मित्तल सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी घोषणा, बोले- जरूरी सामान पर टैक्स घटाएंगे, यह होगा दिवाली गिफ्ट

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसी)।** 15 अगस्त को पूरे देश ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के नाम संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने दो बड़ी घोषणाओं की बात कही।

**जीएसटी स्लैब 4 से घटाकर 2 करने का प्रस्ताव, 3.5 करोड़ रोजगार के लिए है नई योजना**







स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से 2 घोषणाएं की हैं। उन्होंने 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' लॉन्च की। साथ ही दिवाली तक टैक्स कम करने वाली जीएसटी रिफॉर्म्स स्कीम लाने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा- 'आज मैं आपके लिए खुशखबरी लेकर आया हूं। 15 अगस्त के दिन मेरे देश के युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू कर रहे हैं। इससे साढ़े 3 करोड़ नौजवानों को रोजगार मिलेगा।' मोदी ने संबोधन में कहा- इस साल दिवाली में बड़ा तोहफा मिलने वाला है। जीएसटी को आए 8 साल हो चुके हैं। हमने उसका रिव्यू किया। उसका रिफॉर्म कर टैक्सेशन को सरल किया है। हम नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लेकर आ रहे हैं। सामान्य लोगों के लिए टैक्स कम कर देंगे, रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएगी, लोगों को बहुत फायदा होगा। एक महीने पहले खबर आई थी कि टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े, जूते जैसे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स की कीमतों में कमी आ सकती है, क्योंकि सरकार मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली को जीएसटी में कटौती कर राहत देने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार 12% जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12% टैक्स वाले आइटम्स को 5% स्लैब में ला सकती है। इस रीस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे।

### फूल बरसा रहे हेलिकॉप्टर पर ऑपरेशन सिंदूर का झंडा

**नई दिल्ली।** ज्ञानपथ पर आयोजित कार्यक्रम में जिस एमआई-16 हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए, उस पर ऑपरेशन सिंदूर का झंडा लगा हुआ था। कार्यक्रम के बाद मोदी ने बच्चों के बीच जाकर उनसे हाथ मिलाया। जब प्रधानमंत्री मोदी स्कूली बच्चों के बीच थे, तभी दर्शकों में शामिल एक व्यक्ति ने उन्हें एक फोटो फ्रेम गिफ्ट किया, जिसमें लगी फोटो में पीएम अपनी मां के साथ दिखाई दे रहे थे।



### मोदी ने दिया 103 मिनट का भाषण

**नई दिल्ली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने लाल किले पर लगातार 12वीं बार तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने 103 मिनट का भाषण दिया। यह अब तक के किसी भी प्रधानमंत्री का लाल किले से दिया सबसे लंबा भाषण है। पीएम ने अपने भाषण की शुरूआत ऑपरेशन सिंदूर से की। इस पर 13 मिनट से ज्यादा बोले। उन्होंने आतंकवाद, सिंधु समझौता, आत्मनिर्भरता, मेड इन इंडिया, नक्सलवाद और अवैध घुसपैठियों पर अपनी बात रखी। उन्होंने पहली बार लाल किले से आरएसएस का जिक्र किया।

### ऑपरेशन सिंदूर में सेना को खुली छूट दी

**नई दिल्ली।** 'आज मुझे लाल किले की प्राचीर से ऑपरेशन सिंदूर के वीर जांबाजों को सैल्यूट करने का अवसर मिला है। हमारे सैनिकों ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा दी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में सीमा पार से आतंकियों ने जिस प्रकार का कत्लेआम किया, धर्म पूछकर लोगों को मारा पूरा हिंदुस्तान आक्रोश से भरा हुआ था। पूरा विश्व इस कायरतापूर्ण नरसंहार से चौंक गया था। ऑपरेशन सिंदूर उसी आक्रोश की अभिव्यक्ति है। हमने सेना को खुली छूट दी। हमारी सेना ने वो करके दिखाया, जो कई दशकों तक भुलाया नहीं जा सकता। सैकड़ों किमी दुश्मन की धरती में घुसकर आतंकियों को नेस्तनाबूद किया। पाकिस्तान की नींद अभी तक उड़ी है। पाकिस्तान में हुई तबाही इतनी बड़ी है कि रोज नए खुलासे हो रहे हैं।

### खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा

**नई दिल्ली।** सिंधु का समझौता कितना एकतरफा है। भारत का पानी दुश्मनों की धरती को सींच रहा है। मेरे देश की धरती प्यासी है। पिछले कई दशक से इस समझौते ने देश के किसानों का नुकसान किया। अब हमने न्यू नॉर्मल स्थापित किया है। आतंक और आतंकियों को पालने-पोसने वालों को अब हम अलग-अलग नहीं मानते। वे मानवता के समान दुश्मन हैं। अब भारत ने तय कर लिया है कि परमाणु धमकियों को हम नहीं सहेंगे। परमाणु ब्लैकमेल अब नहीं सहा जाएगा। आगे भी अगर दुश्मनों ने कोशिश जारी रखी, तो हमारी सेना तय करेगी कि सेना की शर्तों पर सेना जो लक्ष्य तय करे उसे हम अमल में लाएंगे। भारत ने तय कर लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा।

### हमारा अपना मेड इन इंडिया जेट इंजन हो

**नई दिल्ली।** 'ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आईएसएस से लौट चुके हैं। स्पेस में भी अपने बलबूते पर आगे बढ़ रहे हैं। भारत का भी अपना स्पेस स्टेशन होगा, भारत इस पर काम कर रहा है। 140 करोड़ भारतवासी 2047 में विकसित भारत के संकल्प को परिपूर्ण करने के लिए ताकत से जुटे हैं। भारत आज हर सेक्टर में आधुनिक इकोसिस्टम तैयार कर रहा है। यही हमें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। मैं अपने युवा, टैलेंटेड यूथ, हर के हर विभाग को आह्वान है कि हमारा अपना मेड इन इंडिया जेट इंजन होना चाहिए।"

# देश की सेवा के लिये समर्पित रहकर अपने पद की गरिमा रखते हुए कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करना चाहिये : उमेश मिश्रा

**जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण, स्वतंत्रता सेनानियों के आजादी के लिए संघर्ष को अनुकरणीय बताया**

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु)।** स्वतंत्रता दिवस की धूम पूरे देश में देखने को मिली। ऐसे में एक बात तो साफ है कि स्वतंत्रता एक शब्द ही नहीं है, बल्कि एक ऐसा इतिहास है, जो हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की याद दिलाता है। स्वतंत्रता दिवस पर कुछ ऐसा ही नजारा जिलाधिकारी के कार्यालय परिसर में देखने को मिला है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। उन्होंने कहा कि बहुत ही गौरव की बात है कि आज हम सभी आजादी का 79वां स्वतन्त्रता दिवस मना रहे हैं। उन्होंने सभी को आजादी एवं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। आज हम सभी को जिन अमर शहीदों के कारण हमें आजादी मिली है, उनको हमें कभी भूलना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी अपनी आजादी के महत्व को समझे चाहे, वह किसी पद पर हों या देश के नागरिक हों, वह अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण ईमानदारी एवं सच्चाई के साथ अपने दायित्वों को निर्वहन करें। उन्होंने



कहा कि हम सभी बेहद सौभाग्यशाली हैं कि इस 79वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर आज हमें देश को, उसके वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एवं स्वतंत्रता के बाद उन महान विभूतियों को नमन करने का अवसर मिला है, जिन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत, लगन और राष्ट्रप्रेम से देश को आज इस उच्च स्तर पर लाकर खड़ा किया है, जहां हम अपनी राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता, गौरवशाली सामरिक क्षमताओं के साथ वैश्विक शांतिदूत के रूप में अपने आपको अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी पाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें जो दायित्व मिले हैं उसको पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि सभी को अपने पद की गरिमा रखते हुए आम-जन की जो भी समस्या आती है, उनका पूर्ण इमानदारी से ससमय निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण दिन है, हमारे पूर्वजों ने अपनी कुर्बानी देते हुए देश को आजाद कराया था, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता, इसकी जानकारी आने वाली पीढ़ी को भी होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) गजेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदि ने भी स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में फहराया तिरंगा, बोले-देश की स्वतंत्रता महान क्रांतिकारियों के संघर्ष की देन

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी भी ली। सीएम योगी ने कहा, देश की स्वतंत्रता महात्मा गांधी और महान क्रांतिकारियों के संघर्ष की देन है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यूपी विधानसभा में झंडा फहराया है। इस दौरान परेड की सलामी ली और सभी वीर जवानों को नमन किया। शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रदेशवासियों को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'देश की स्वतंत्रता महात्मा गांधी और महान क्रांतिकारियों के संघर्ष की देन है, जिन्होंने सारे देश को जोड़कर हमें मुक्त कराया था, यह समारोह हम सभी को हमारे राष्ट्रीय कर्त्तव्यों के प्रति हमारे





संकल्पों का एहसास प्रदान करता है।' सीएम योगी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पूरी दुनिया देखी। सेना ने दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पहले अपने सरकारी आवास पर तिरंगा फहराया। इसके बाद वे विधानसभा भवन पहुंचे, जहां उन्होंने तिरंगा फहराया। इस समारोह में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कलाकारों ने देशभक्ति से जुड़ी सुंदर प्रस्तुतियां दी। पूरा माहौल उत्साह और देशभक्ति से भरा रहा।

### स्वदेशी शक्ति का परिचय

**लखनऊ।** सीएम योगी ने हाल ही में संपन्न "ऑपरेशन सिंदूर" की चर्चा करते हुए भारतीय सेना की वीरता की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इस मिशन में प्रयोग किए गए अधिकतर हथियार और तकनीकें देश में ही विकसित की गई थीं। यह एक प्रतीक है उस आत्मनिर्भर भारत का, जिसकी नींव पर आज की सरकार राष्ट्र को आगे ले जा रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'कोई भी देश तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक उसके कारीगर, वैज्ञानिक और उद्यमी देश के विकास में भागीदार न बनें।'

### स्वतंत्रता का अर्थ, जिम्मेदारी के साथ आजादी

**लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि आज जब हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, तो यह केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'स्वतंत्रता कोई स्वच्छंदता नहीं है, बल्कि यह हमें हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों का बोध कराती है।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होगा, तभी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कल्पित 'विकसित भारत' का सपना साकार होगा।**

### शारदा यूनिवर्सिटी में बीटेक स्टूडेंट ने दी जान, हॉस्टल में फंदे से लटका मिला

**नोयडा, 16 अगस्त (एजेंसी)।** शिवम ने 15 अगस्त को फंदे से लटककर जान दे दी थी। उसने लिखा- मैं कॉलेज प्रबंधन से स्पेशल रिक्वेस्ट करता हूं कि मेरी जितनी भी फीस लगी है, उसे मेरे पिताजी को वापस कर दें। पुलिस मेरे सुसाइड के लिए किसी को ब्लेम न करे। बिहार के के रहने वाले कार्तिक डे ने बताया- मैंने 3 साल पहले बेटे शिवम डे को ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीटेक में एडमिशन दिलाया था। यह उसका फाइनल ईयर चल रहा था। वह हॉस्टल में ही रह रहा था। शुक्रवार को वह अपने कमरे से देर तक बाहर नहीं आया। इस पर उसके दोस्तों ने हॉस्टल के वार्डन को सूचना दी। वार्डन ने डुप्लीकेट चाबी से दरवाजा खोला। देखा, तो शिवम का शव पंखे से बेडशीट बांधकर उसके फंदे से लटक रहा था। इसके बाद वार्डन ने इस बारे में पुलिस और हम लोगों को बताया। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। नोएडा पहुंचे पिता कार्तिक डे ने बताया- अभी शिवम 2 महीने तक घर पर रहा। उसने ऐसा नहीं बताया कि उसके साथ क्या हो रहा है? वो आराम से बातचीत करता रहा, कोई दिक्कत नहीं थी। अभी 2 अगस्त को घर से कॉलेज लौटा था। इससे पहले हम लोग वैष्णोदेवी भी गए थे। वहां भी कुछ ऐसा नहीं था। सब कुछ ठीक था। शिवम मेरे परिवार का इकलौता बेटा था। अगर नहीं पढ़ना था, तो वह मना कर देता। वो मेरे जिगर का टुकड़ा था। पिता ने कहा- मेरा लड़का कॉलेज नहीं जाता होगा। तो वो दिन भर हॉस्टल में ही रहता होगा। कॉलेज मैनेजमेंट या हॉस्टल वार्डन को इस तरह की एक्टीविटी लगी थी, तो गार्जियन को कॉल करना चाहिए था। यूनिवर्सिटी फीस लेती है, तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि गार्जियन को इंफॉर्म करे।








1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पुतिन, ट्रम्प की मुलाकात और भारत

अलास्का के एंकोरेज में डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन की आमने-सामने मुलाकात पर दुनिया भर की नजरें थीं, दोनों की वार्ता करीब तीन घंटे चली, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। न तो रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर कोई सहमति बनी और न ही कोई ठोस समझौता हो सका। अलास्का में बैठक के लिए जाते वक्त डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा,असल में उन्होंने यानी रूस ने एक ऑयल क्लाइंट खो दिया है, यानी भारत, जो लगभग 40 फीसदी तेल लेता है। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, काफी मात्रा में ले रहा है, और अगर मैंने सेकेंडरी सेंक्शंस लगाए, तो यह उनकी नजर से बेहद विनाशकारी होगा। अगर मुझे करना पड़ा तो मैं करूंगा, शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। ट्रम्प, कब कहाँ क्या कह दे कुछ नहीं कहा जा सकता। इसलिए वैश्विक पटल पर ट्रम्प को सुना तो जाता है, लेकिन यह भी कहा जाता है कि वे अपनी बात से पलटी भी मार सकते हैं। कुछ जानकार यह भी मान कर चल रहे हैं कि यह दबाव बनाने की नाकाम कोशिश लग रही है, क्योंकि भारत अपने देशहित को लेकर किसी का कोई दबाव नहीं मानता। ट्रम्प ने नये भारत को अभी समझा नहीं है। इसलिए वे भारत को अपेक्षाकृत सॉफ्ट टारगेट मानकर लगातार उसका नाम लेते रहे हैं। ट्रम्प जानते हैं कि चीन पर दबाव नहीं डाला जा सकता। भारत पर इस तरह दबाव बनाकर वे टैरिफ को भी कम करवाना चाहते हैं, या जीरो टैरिफ की ओर ले जाना चाहते हैं। साथ ही रूस को यह संदेश देना चाहते हैं कि उसके करीबी देशों को उससे अलग कैसे किया जा सकता है। चीन को वे अलग नहीं कर पाएंगे, लेकिन कोशिश यह है कि भारत को अलग किया जाए। अलास्का की इस मुलाकात के बाद संयुक्त बयान जारी किया गया, लेकिन दोनों नेताओं ने पत्रकारों के सवाल नहीं लिए। ट्रम्प ने कहा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता। उन्होंने ये भी माना, हम वहां तक नहीं पहुंचे। पुतिन ने संघर्ष खत्म करने की बात की, लेकिन मूल कारण दूर करने का उल्लेख किया और अगली मुलाकात के लिए अगली बार मॉस्को में होने का संकेत दिया। भारत इस वैश्विक राजनीति पर दृष्टि रखे हुए है। पाकिस्तान के नेता अमेरिका का लॉलीपॉप चूस कर अहमकाना और दहशतगर्दाना बयानबाजी कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमन्त्री का सम्बोधन बहुत कुछ साफ करता है। बहुतों को सचेत करता है। प्रधानमन्त्री के सम्बोधन की अमेरिका सहित कई देशों में चर्चा है। पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच अकेले में मुलाकात की चर्चा थी, लेकिन अंतिम समय पर बदलाव हुआ और वार्ता थ्री-ऑन-थ्री फॉर्मेट में हुई। यानी दोनों राष्ट्रपतियों के साथ दो-दो प्रमुख सलाहकार भी मेज पर मौजूद थे। इस वार्ता में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की या यूक्रेन का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं था, जबकि चर्चा का मुख्य विषय यूक्रेन युद्ध ही था। जेलेंस्की ने बातचीत से पहले कहा था कि रूस की तरफ से युद्ध खत्म करने का कोई संकेत नहीं है। इस वार्ता के असफल होने से कुछ लोग अब यह पूछ रहे हैं कि मध्यस्ता विशेषज्ञ अब क्या करेंगे? व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को खत्म करने में रूस ईमानदारी से रुचि रखता है। उन्होंने युद्ध को एक त्रासदी बताया, लेकिन जोर देकर कहा कि किसी टिकाऊ समझौते के लिए पहले इस संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा। पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूक्रेन को आगाह किया कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाए। अपनी टिप्पणी में उन्होंने इस मुलाकात को संघर्ष के समाधान की दिशा में एक स्टार्टिंग प्वाइंट करार दिया। पुतिन ने ट्रम्प के साथ अपने रिश्ते को व्यावसायिक बताया और ट्रम्प के उस दावे से सहमति जताई कि अगर वह 2020 के चुनाव के बाद भी पद पर बने रहते तो युद्ध शुरू नहीं होता। उन्होंने कहा कि ट्रम्प साफ तौर पर अपने देश की समृद्धि की परवाह करते हैं, लेकिन समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पोस्ट किया कि अलास्का में एक शानदार और बेहद सफल दिन। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक बहुत अच्छी रही, साथ ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और नेटो के महासचिव सहित कई यूरोपीय नेताओं के साथ देर रात हुई फोन कॉल भी बहुत अच्छी रही। ट्रम्प ने अपनी इस पोस्ट में युद्धविराम समझौते की बजाए शांति समझौते पर जोर दिया है। उन्होंने लिखा कि सभी ने यह तय किया कि रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका सीधे शांति समझौते पर पहुंचना है, जिससे युद्ध पूरी तरह समाप्त होगा। केवल युद्ध विराम समझौते अक्सर लंबे समय तक टिक नहीं पाते। ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के सोमवार को अमेरिका आने की जानकारी देते हुए लिखा कि अगर सब कुछ ठीक रहा, तो हम राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक बैठक रखेंगे। उम्मीद है कि लाखों लोगों की जान बचाई जा सकेगी। 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में सिंधु जल समझौते पर सख़्त रुख, आत्मनिर्भरता पर जोर, जीएसटी में बदलाव और रोजगार योजना की घोषणाएं की। प्रधानमन्त्री के सम्बोधन का एक हिस्सा विदेश नीति और सुरक्षा मुद्दों पर केंद्रित रहा। प्रधानमन्त्री मोदी ने पाकिस्तान और हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे। उन्होंने कहा कि आज लाल किले की प्राचीर से ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों को सैल्यूट करने का अवसर मिला है। हमारे वीर सैनिकों ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा दी है। प्रधानमन्त्री ने आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा,हम स्वदेशी को मजबूरी में नहीं, मजबूती के साथ उपयोग करेंगे और जरूरत पड़ी तो औरों को मजबूर करने के लिए उपयोग करेंगे, यह हमारी ताकत होनी चाहिए। बिना किसी देश का नाम लिए उन्होंने कहा कि किसी दूसरे की लकीर छोटी करने के लिए अपनी ऊर्जा हमें नहीं खपानी है। हमें अपनी लकीर को लंबा करना है। हम अगर अपनी लकीर लंबी करते हैं, तो दुनिया भी हमारा लोहा मानेगी। आज जब वैश्विक परिस्थितियों में आर्थिक स्वार्थ दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, तब समय की मांग है कि हम उन संकटों पर रोते न बैठें। हिम्मत के साथ अपनी लकीर को लंबा करें।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'मिस्त्री' 'कुली' 'वक़्त' 'सड़क'

दमिस्त्री बनना कभी या फिर कुली बनना कभी,
काम जब तक मिल न पाए यूँ ही चलना चाहिए।
वक़्त जब ठोकर लगा दे और सड़क पर फेंक दे,
धरना, प्रदर्शन, फजीता याद रहना चाहिए।

!! श्री महावीराय नमः !!



माँ के बराबर कोई नहीं
शोक सभा
अत्यन्त दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी
श्रीमती मधु जैन
(ध०प० स्व० श्री जिनेन्द्र कुमार जैन, अमीरनगर वालों)
का आकस्मिक निधन दिन- मंगलवार, 12 अगस्त 2025 को हो गया है।
जिनकी रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 18 अगस्त 2025, दिन- सोमवार को दोपहर 2 बजे
स्थान- जैन औषधालय, प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगी।
- शोकाकुल परिवार -
प्रवीण जैन-रेखा जैन (देवर-देवरानी)
राष्ट्रीय संगठन मंत्री (राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन)
पंकज जैन-नीतू जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
पुनीत जैन-शैफाली जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रतीक जैन (भतीजा)
पीयूष, अपूर्व (पौत्र)
अदिति, स्पर्शी, पार्श्वी (पौत्री)
वंदना - संजीव जैन (पुत्री-दामाद)
नीलम-संदीप जैन (पुत्री-दामाद)
रूचि-श्रेयांश जैन (पुत्री- दामाद)
छाया-आकाश जैन (पुत्री-दामाद)
पलक-मोहित जैन (भतीजी-दामाद)
मेघा, कनक, मुस्कान, अनन्या, रेहा (धेवती)
रितिक, अनिकेत, लक्ष्य (धेवते)
स्वरित, मिहिल (धेवते)
-प्रतिष्ठान -
जिनेन्द्र एजेन्सीज (नेहा मेहंदी वाले) 6-प्रेमपुरी, मु०नगर
जैन पुस्तक सदन 28, कुन्दनपुरा, मु०नगर
-निज निवास-
6-प्रेमपुरी, जैन कन्या इण्टर कालेज के सामने, मुजफ्फरनगर
M.: 9897678317, 9634508877, 9319480164
नमनकर्ता- सिद्धार्थ फर्नीचर परिवार 33, प्रेमपुरी, मेन रोड, मुजफ्फरनगर







## श्रीश्री गोलोक धाम में राधा-कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे हजारों भक्त

मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)। जन्माष्टमी के पर्व पर नगर के श्रद्धालु गांधी कॉलोनी स्थित श्री-श्री गोलोकधाम राधा-कृष्ण के भव्य दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। नगर के संभ्रांत परिवानों ने पूजा-अर्चना कर भगवान कृष्ण की आरती की। तत्पश्चात नगर के लोगों ने दर्शन करने प्रारम्भ किये। बिन्दल परिवार सहित नंदी स्वीट्स परिवार, बुलेटिन परिवार तथा अन्य कई परिवार यजमान के रूप में उपस्थित रहे और पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद ग्रहण किया। लगभग रात्रि 12 बजे तक लम्बी-लम्बी लाइनें गोलोकधाम में दर्शन को लगी रही। उत्सव के इस माहौल में भक्तों ने जय कन्हैया लाल की, हाथी-घोड़ा पालकी, नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की आदि खूब गूंज मचाई। गोलोकधाम के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आये हुए अतिथियों का सत्कार करते हुए उन्हें राधानाम का पटका पहनाया।

## शर्मनाक-जिम संचालक ने तिरंगा रैली के नाम पर कार में अर्द्ध नग्न होकर उत्पात मचाया

- बाजारों में अर्धनग्न अवस्था में बॉडी प्रदर्शन करने से बाजार में छात्राओं-युवतियों व महिलाओं को निकलने में हुई परेशानी

मीरापुर, 16 अगस्त (बु.)। मीरापुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली के नाम पर एक जिम संचालक ने अश्लीलता व फूहड़ता की सारी हदें पार कर दी। जिम संचालक ने कार में खड़े होकर अपनी टीशर्ट उतारकर अर्धनग्न अवस्था में बॉडी प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। जिम संचालक की अश्लील हरकत से बाजार से गुजरने वाली छात्राओं-युवतियों व महिलाओं को शर्म के चलते बाजार से निकलने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने जिम संचालक की हरकत की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर कार्यवाही की मांग की है। शुक्रवार को मीरापुर में एक जिम संचालक ने सैकड़ो युवकों की भीड़ के साथ तिरंगा बाइक व कार रैली निकाली। उक्त तिरंगा बाइक कार रैली दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग से पुराने वन विभाग कार्यालय के समीप से शुरू हुई। उक्त रैली में जिम संचालक व उसके साथियों ने दुपहिया चौपहिया वाहनों पर सवार होकर बाजार में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जिम संचालक ने बेहूदगी की सारी हदें पार कर दी। जिम संचालक ने रैली के दौरान एक कार में ऊपर खड़े होकर अपनी टीशर्ट उतार दी तथा अर्ध नग्न होकर बॉडी प्रदर्शन किया। जिम संचालक सभी बाजारों में इसी अवस्था में फूहड़ प्रदर्शन करता रहा तथा उसके साथी हा-हुल्ला करते रहे। जिम संचालक की हरकत से इस दौरान बाजार से गुजरने वाली छात्राओं-युवतियों व महिलाओं को बेहद शर्मिंदगी महसूस हुई और वे नजरें छिपाकर निकलती नजर आयी। महिलाओं को बाजार से गुजरने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। इतना ही नही उक्त जिम संचालक ने कस्बे के मदान चौक पर काफी देर तक अर्धनग्न होकर बॉडी प्रदर्शन किया। जिम संचालक की उक्त हरकत से नागरिकों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर कार्यवाही की मांग की है। हैरत की बात ये है कि इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही और मूकदर्शक बनी रही। उधर इस सबंध में बबलू कुमार वर्मा (प्रभारी निरीक्षक थाना मीरापुर) ने कहा कि एक्स (टवीटर) के माध्यम से जानकारी मिली है। उत्पात मचाने वालों के वाहनों की जानकारी की जा रही है कार्यवाही की जाएगी।



## शाहपुर के बेटे-बहू को मिला सेवा प्रमुख प्रशंसा सम्मान

-नगर के व्यापारी लाल बहादुर सिंघल के बेटे-बहू को सेना प्रमुख प्रशंसा सम्मान*





शाहपुर, 16 अगस्त (बु.)। शाहपुर निवासी लाल बहादुर सिंघल (पुत्र स्व. माधोराम सिंघल) के सुपुत्र मोहित सिंघल और बहू देविका पूजा गर्ग को भारतीय सेना प्रमुख प्रशंसा से सम्मानित किया गया है। दोनों यूपीएससी 2019 बैच के अधिकारी हैं और मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में कार्यरत हैं। मोहित सिंघल, वर्तमान में डिप्टी डायरेक्टर, हेडक्वार्टर चीफ इंजीनियर, दिल्ली कैंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें कैबिनेट सचिवालय, नई दिल्ली में महत्वपूर्ण ढांचागत कार्यों के सफल निष्पादन तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समक्ष आयोजित कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। वहीं उनकी पत्नी देविका पूजा गर्ग, डिप्टी डायरेक्टर, हेडक्वार्टर चीफ इंजीनियर और फोर्स, पालम के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उन्हें दिल्ली कैंट क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की बुनियादी ढांचा सेवाएँ प्रदान करने और प्रधानमंत्री एनसीसी रैली जैसे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया है। इस रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। यह उपलब्धि न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे शाहपुर क्षेत्र और जिले के लिए गर्व की बात है। देश सेवा में समर्पित इन दोनों अधिकारियों की इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में हर्ष और गौरव का माहौल है।

WE'RE HIRING
Mass Communication Candidates
Requirements-
• Knowledge of MS Office, Hindi Article Writing
• Relevant Experience
Salary for Mass Communication Candidates- ₹15,000 – ₹30,000
Interested Candidates Can WhatsApp their CV to-
M.9520866571

आवश्यकता है
Untrained लड़कियों की, जो हॉस्पिटल में नर्सिंग का कार्य सीखना चाहती हों। रुपये 5000/- स्टाईपंड दिया जायेगा। ड्यूटी शाम 7 बजे से सुबह 8 बजे तक रहेगी।
किसान हॉस्पिटल
निकट-एस.डी. मैनेजमेन्ट कॉलिज भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
M.9027784673, 9760849395






बिंदल पेपर मिल में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते अंकुर बिंदल मयंक बिंदल और अन्य।







## शाहपुर नगर पंचायत कार्यालय पर अकरम कुरैशी ने झंडा फहराया

- 15 अगस्त को चेयरमैन के नेतृत्व में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा
- स्वतंत्रता दिवस पर शाहपुर क्षेत्र में याद किए गए आजादी के मतवाले

शाहपुर, 16 अगस्त (बु.)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर संपूर्ण वातावरण देश के शहीदों के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर नगर पंचायत के ब्रांड एंबेसडर एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार सचिन संगल, नगर पंचायत सभासद विशाल गर्ग, अब्दुल कलाम अंसारी, सोनू सैनी, मनोज सैनी, बुद्ध प्रकाश, मनोज अरोड़ा, वकीला बेगम, आदिल खान, आसिफ सलमानी, इस्लाम मलिक, मोहसिन रंगरेज, रीनू कुमार, सतीश पाल के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष के निजी सचिव मास्टर वसीम अहमद एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर के गणमान्य लोगों में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, पूर्व सभासद उमेश गोयल, आरिफ कुरैशी आदि लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय से बाइक तिरंगा रैली शुभारंभ हुई। अकरम कुरैशी ने इसका शुभारंभ किया, जिसमें अकरम कुरैशी के साथ-साथ समाजसेवी तोहिद त्यागी एवं नगर पंचायत के समस्त सभासदों ने 24 घंटे के भीतर जनसंपर्क कर सैकड़ो मोटरसाइकिलों के साथ एक भव्य आयोजन को अंजाम दिया। तिरंगा रैली नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। इसके अलावा केपीएस ए स्मार्ट स्कूल द्वारा प्रबंधक हसीन सैफी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के साथ बेहतरीन प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बनी रही। उधर दूसरी और पूर्व अध्यक्ष परमेश सैनी के कैंप कार्यालय पर एक शाम देश के शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कस्बे व देहात में स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी व शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन-बान-शान के साथ फहराया गया। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में अध्यक्ष राकेश मित्तल, प्रबंधक श्याम पाल भाई जी, कोषाध्यक्ष अरुण मित्तल, सह व्यवस्थापक मणिकांत मित्तल ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। कस्बे में स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर केंद्र प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल, खंड विकास कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी व बीडीओ राजीव कुमार, बीआरसी कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती ने ध्वजारोहण किया। शिक्षण संस्था आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज में समाजसेवी प्रदीप आर्य, डीएवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य कर्ण सिंह, द स्काईलैंड स्कूल में प्रबंधक राहुल गोयल, एक्सपर्ट एकेडमी में प्रबंधक प्रविन्द्र कुमार, कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज में प्रबंधक सत्येंद्र पाल, न्यू मैक्स बेंशन स्कूल में प्रबंधक प्रवीर सिंघल एडवोकेट के निर्देशन में स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रोविल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अमित जैन , रेडिएंट एरा एकेडमी में प्रबंधक राकेश गर्ग ने ध्वजारोहण किया। विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी के नेतृत्व में सभासदों व कर्मचारियों के अलावा गणमान्य लोगों ने कस्बे में बाइक तिरंगा रैली निकाली। कस्बे में पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के कैंप कार्यालय पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कस्बे के सैकड़ों नागरिकों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा देहात क्षेत्र में भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।





**Name Change**

This is to Inform that I, GORAV GOEL S/o Shri Madan Lal, R/o 4.1 Km Milestone, Jansath Road, Near Dwarika City, Muzaffarnagar (U.P.), have Changd my name which is to be known and spelled as " GAURAV GOEL" for all future purposes.

**सूचना**

मेरे पुत्र Bhavishya Jhamb के आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम Rakesh Kumar लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम Rakesh Kumar Jhamb दर्ज है। Rakesh Kumar व Rakesh Kumar Jhamb दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं तथा ये दोनों नाम मेरे ही हैं। Rakesh Kumar S/o Veer Bhan व Rakesh Kumar Jhamb S/o Veer Bhan R/o H.No. 51, Gali No. 9, Gandhi Colony, Muzaffaranagar - 251002,U.P



# सोल्जर बोर्ड में स्वतंत्रता दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन, शहीदों के परिवार व पूर्व सैनिक सम्मानित

## डीएम उमेश मिश्रा व यूपी सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल रहे मौजूद

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सोल्जर बोर्ड में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश के लिए शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीदों की पत्नियों और परिजनों को सम्मान-पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए, वहीं पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को चार-चांद लगा दिये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और उन्होंने ध्वजारोहण किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाजसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों व व्यक्तियों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य जिले के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति गीतों से माहौल देशप्रेम से सराबोर हो उठा। जिले के नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लेकर स्वतंत्रता दिवस को एकजुटता और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर जनपद मुजफ्फनगर के 23 शहीद सैनिकों के आश्रितों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। स्कूली बच्चों को स्मृति चिह्न और सम्मान-पत्र से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। यह सम्मान समारोह एक भावुक पल था। जिसने सभी को गौरवान्वित किया। अपने सम्बोधन में, मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने स्वतंत्रता संग्राम एवं सेना के महान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सदैव अभारी रहना चाहिए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने भी सभी उपस्थिति मुख्य अतिथि एवं बच्चों एवं शिक्षकाओं का भी आभार व्यक्त किया। यह समारोह देशभक्ति और सम्मान की भावना से परिपूर्ण था, जिसने सभी उपस्थित लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।













